हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 फरवरी 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 सीसीटीवी कैमरों, मुखबिर तंत्र की मदद से ...



07 व्यापारी होली के त्योहार को देखते मिलावटी खाद्य सामग्री...



# नारी शक्ति का गढ़ बना सीहोर, 'पिंक डिस्ट्रिक्ट' बनने से महज दो कदम दूर, सिस्टम की कमान महिला अफसरों के हाथ

## एएसपी, जिपं. सीईओ, जेल अधीक्षक, डीएफओ, बिजली कंपनी महाप्रबंधक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर महिला ऑफिसर काबिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इसे महज संयोग कहें या महिला सशक्तीकरण का उभरता हुआ चेहरा, लेकिन सीहोर जिला आज पूरे मध्य प्रदेश के लिए एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। वीआईपी जिला माने जाने वाले सीहोर के प्रशासनिक ढांचे पर नजर डालें तो यहां शीर्ष से लेकर जमीन तक के अधिकांश महत्वपूर्ण पदों पर महिला अधिकारी अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रही हैं। फिलहाल कलेक्टर और एसपी के पदों को छोड़ दिया जाए तो जिले का पूरा सरकारी तंत्र 'नारी शक्ति' के कंधों पर टिका नजर आता है। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सीहोर अब 'पिंक डिस्ट्रिक्ट' बनने से महज दो कदम दूर है।

बता दें जिले के प्रशासनिक और पुलिस सिस्टम की हर अहम कड़ी में महिला अधिकारी तैनात हैं। पुलिस महकमे में दूसरे सबसे बड़े पद यानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सुनीता रावत संभाल रही हैं तो जिले के विकास की धुरी जिला पंचायत सीईओ के रूप में सृजना यादव सक्रिय हैं, जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल, बिजली विभाग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र की कमान महाप्रबंधक पूनम तुमराम, केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य की जिम्मेदारी पूजा श्रीवास्तव पर है। कानून व्यवस्था की बात करें तो सीएसपी पद पर डॉ. अभिनंदना शर्मा, एसडीओपी पूजा शर्मा और महिला पुलिस थाने की कमान माया सिंह संभाल रही हैं।



सर्जना यादव,जिपं सीईओ



सुनिता रावत, एडीशनल एसपी



अर्चना पटेल, डीएफओ

### महत्वपूर्ण जिला है सीहोर

बता दें सीहोर जिला केवल अपनी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी राजनीतिक और धार्मिक पहचान के लिए भी देश-दुनिया में विख्यात है। यह जिला देश के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला है तो प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी यहीं के निवासी हैं। यह जिला तीन लोकसभा क्षेत्रों (विदिशा, भोपाल और देवास) में समाहित है।

### इन अफसरों के पास भी है अहम जिम्मेदारी

**प्रशासनः** संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, होमगार्ड कमाडेंट नीलमड़ी लड़ियां, इछावर एसडीएम स्वाती मिश्रा, जावर तहसीलदार सुमन बाथम, इछावर नायब तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार आरती सोलंकी, जनपद सीईओ इछावर रुशिल पौरत, जन अभियान परिषद पारूल उपाध्याय।

**वित्त व सेवाः** ट्रेजरी ऑफिसर नेहा सिंघई, जिला पेंशन अधिकारी आस्था चौरसिया, लोकसेवा प्रबंधन सहायक ममता दुबे।

**शिक्षा व विकासः** जनपद सीईओ नमिता बघेल, डाइट प्राचार्य अनिता बडगुर्जर, बीईओ ममता कीर, सहायक संचालक सलोनी शर्मा, उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य सुनीता जैन।

**सुरक्षा व अन्यः** डीएफओ अर्चना पटेल, जिला खाद्य अधिकारी रेशमा भामोर, खाद्य सुरक्षा निरीक्षक भावना ठाकुर व सारिका गुप्ता, खनिज निरीक्षक खुशबू वर्मा, नायब तहसीलदार अनामिका सिंह। नेहरू युवा केन्द्र जिला समन्वयक निकी राठौर,

**खेल व स्वास्थ्यः** जिला खेल अधिकारी रूबीका दीवान, जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बर्वे और पिछड़ा वर्ग विभाग में दिव्या राय अपनी सेवाएं दे रही हैं।




### कुबेरेश्वर धाम-सलकनपुर ने दी विशेष पहचान

आस्था के मामले में यह जिला देश-प्रदेश में अपनी खास पहचान रखता है। यहां कुबेरेश्वर धाम जैसा विश्व प्रसिद्ध केंद्र है, तो सलकनपुर में मां विजयासन का धाम है। मां नर्मदा की लहरें भी जिले को पवित्र करती हैं। हाल ही में कुबेरेश्वर धाम पर संपन्न रुद्राक्ष महोत्सव में देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जबकि मां विजयासन धाम पर उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर देवीलोक का भव्य निर्माण हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### नलखेड़ा में गुरु भगवंतों का हुआ मंगल प्रवेश

**नलखेड़ा।** श्री जैन श्वे.मूर्तिपूजक श्रीसंघ नलखेड़ा में आचार्य विश्वरत्न सागर सुरिश्वर म.सा के शिष्य कीर्तिरत्न सागर म.सा., शौर्यरत्नसागर म.सा., सिद्धरत्नसागर म.सा., देवधीरत्नसागर म.सा., गीतार्थरत्नसागर म.सा., परमांशरत्नसागर म.सा. ठाणा 6 का मंगल प्रवेश हुआ। स्थानीय समाजजनों ने सोमवार को प्रातः 8:30 बजे शिवाजी चौराहा से बैंड बाजे एवं ढोल ढमाकों के साथ नगर में चल समारोह निकाला। स्थान स्थान पर समाज जनों द्वारा गुरु भगवंतों की अगवानी कर गहूली की गई। चल समारोह प्रमुख मार्ग से श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिरजी पर पहुंचा। जहां पर परमात्मा के दर्शन उपरांत सभी गुरु भगवंत हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन पर पहुंचे। जहां पर रात्रि में प्रवचन का कार्यक्रम हुआ। प्रवचन के दौरान 11 लक्की ड्रा भी निकाले गए।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरुद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय (UPAY) एप या बिजली वितरण केन्द्र/ जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की पूरी व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है।



## शहर में राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण, समाजजन बोले- आने वाली पीढ़ी इतिहास से जुड़ेगी

# भोपाल नाके का नाम राजा भोज चौराहा किया जाएगा: नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

नगर पालिका और परमार समाज के संयुक्त सहयोग से बनी राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह प्रतिमा करीब 8 फीट ऊंची है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के भोपाल नाके पर नगर पालिका और परमार समाज के संयुक्त तत्वाधान में रविवार भव्य कार्यक्रम .के साथ आस्था और उत्साह के साथ परमार समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परमार समाज के अलावा क्षेत्रवासी शामिल थे। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक परमार समाज की ओर से संबोधित करते हुए विजेन्द्र परमार ने कहाकि हमारे शहर के नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने समाज और क्षेत्र को सौगात दी है।

नगर पालिका और परमार समाज के संयुक्त सहयोग से बनी राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह प्रतिमा करीब 8 फीट ऊंची है। समाजजनों ने बताया कि लंबे समय से राजा भोज की प्रतिमा लगाने की मांग थी, जो अब पूरी हो गई है। इससे शहर ही नहीं आस-पास के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान परमार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सूरज सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाडा, शुजालपुर नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, जनपद सरिता परमार, सन्नी महाजन, वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद हेमलता विजेन्द्र परमार आदि के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और परमार समाज के लोग उपस्थित थे।

राजा भोज परमार वंश के एक अत्यंत प्रतापी, न्यायप्रिय और कला-प्रेमी शासक थे, जो केवल मालवा ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत की आस्था और लोक संस्कृति में एक लोक-नायक के रूप में रचे-बसे हैं। यह बात नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कही। राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण किया। समाज के लोगों ने राजा भोज के अच्छे शासन, शिक्षा प्रेम और समाज सेवा के कार्यों के बारे में बताया।






### जगदीश मंदिर पर सामुदायिक भवन निर्माण की मांग

इस मौके पर मंच पर कार्यक्रम के संयोजक विजेन्द्र परमार, विमल परमार आदि ने नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने भोपाल नाके का नाम राज भोज चौराहे के अलावा छावनी में प्राचीन जगदीश मंदिर में भव्य सामुदायिक भवन निर्माण करने की मांग की। भोपाल नाका चौराहे पर स्थापित की जा रही राजा भोज की प्रतिमा प्रदेश के गौरव और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक मानी जा रही है। आयोजकों का कहना है कि राजा भोज ने अपने शासनकाल में शिक्षा, संस्कृति, जल प्रबंधन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए थे। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों की प्रेरणा देती रहेगी। प्रतिमा स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने पर परमार समाज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के प्रति आभार भी व्यक्त किया, कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंच, स्वागत द्वार, सजावट और सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारियां की गई थी, अनावरण समारोह के पश्चात मुरली स्थित राजा भोज मैरिज गार्डन में समाजजन एवं आमंत्रित अतिथियों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया।

# आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**कानड़।** आगामी त्योहारों को लेकर सोमवार को पुलिस थाना परिसर में शांति समिति के बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी पर्व होली, रंग पंचमी, ईद व रामनवमी को लेकर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने चर्चा की। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। गृह मंत्रालय के निर्देश अनुसार डीजे प्रतिबंध किया गया है डीजे की अनुमति होगी तभी डीजे बजा सकेंगे। बैठक के दौरान नायब तहसीलदार विजय कुमार सेनानी, थाना प्रभारी राजकुमार दांगी, नगर परिषद सीएमओ, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, शहर कजी सरफराज अली, नासिर अली, बने सिंहचौहान, देवकरण बीजापारी, मुकेश केलकर, शंकर कुमावत, हेमराज गोस्वामी, कालूराम, कमल सोंधिया, शेर मोहम्मद मंसूर विद्युत विभाग से दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# रखरखाव के अभाव में ग्राम सिया से कबूली तक की सड़क बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील के ग्राम सिया से कबूली तक की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित सड़क रखरखाव के अभाव में अपने हालात पर आंसू बहा रही है। तहसील के ग्राम सिया से कबूली तक की लगभग 2 किमी सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत हुआ था। निर्माण के बाद से इसका रखरखाव नही होने से यह पूरी तरह उखड़ चुकी है।

कई स्थानों पर तो डामर का नामो निशान नहीं बचा है तो कई स्थानों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामों को पक्की सड़क से जोड़ने की केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजनांतर्गत निर्मित सड़कों के निर्माण के बाद संबंधित ठेकेदार को एक निश्चित अवधि तक उसका रखरखाव भी करना होता है लेकिन सड़कों का रखरखाव नहीं करने से यह सुविधा चंद सालों में परेशानी का सबब बनने लग जाती है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण सिया से कबूली की सड़क है जो स्वयं ही अपने हालात पर आंसू बहाने को मजबूर हो रही है।



### इनका कहना है

सिया से कबूली सड़क रखरखाव की निविदा प्रक्रिया में है। निविदा होने के बाद इसका रखरखाव करवा दिया जाएगा।

**आलोक चौहान, उपयंत्री, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**

## सुरक्षा का अभेद्य चक्र, 1400 जवानों की तैनाती

# कलेक्टर-एसपी की प्लानिंग और मॉनीटरिंग का नतीजा सफल रहा रुद्राक्ष महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला प्रशासन और पुलिस की सटीक रणनीति और मुस्तैदी के चलते कुबेरेश्वर धाम में आयोजित सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव 14 से 20 फरवरी तक भव्यता के साथ संपन्न हो गया। लाखों श्रद्धालुओं की आमद के बावजूद कलेक्टर बालागुरू के. और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में पूरा आयोजन सुव्यवस्थित रहा और कहीं भी जाम या अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। महोत्सव को सफल बनाने के लिए कलेक्टर और एसपी ने टीम वर्क की मिसाल पेश की। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशन में जिला प्रशासन ने पेयजल, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं के पुख्ता इंतजाम किए, वहीं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए अचूक घेराबंदी तैयार की। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं आयोजन स्थल का लगातार निरीक्षण किया, जिससे मैदानी स्तर पर तैनात अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा।



**सुरक्षा का अभेद्य चक्र, 1400 जवानों की तैनाती :** सुरक्षा की दृष्टि से एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने लगभग 1400 पुलिसकर्मियों का बल तैनात किया था। कथा पंडाल, भोजनशाला और पार्किंग स्थलों पर पुलिस की पैनी नजर रही। सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के जरिए भीड़ पर सतत निगरानी रखी गई। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिस का व्यवहार अत्यंत संवेदनशील रहा।

### बेमिसाल रहा ट्रैफिक मैनेजमेंट

भोपाल-इंदौर हाईवे पर यातायात को सुचारु रखने के लिए कलेक्टर और एसपी द्वारा तैयार किया गया विशेष ट्रैफिक प्लान मील का पत्थर साबित हुआ। आवश्यकतानुसार डायवर्जन और व्यवस्थित पार्किंग के कारण हाईवे पर वाहनों का आवागमन सुगम रहा। श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की इस कार्यकुशलता और कर्तव्यनिष्ठा की मुक्त कंठ से सराहना की है।

### नरेंद्र दुग्गड़ का निधन

**नलखेड़ा।** जैन समाज के सामाजिक कार्यकर्ता एवं नवरत्न परिवार के प्रदेश पदाधिकारी राकेश दुग्गड़ के बड़े भ्राता नरेंद्र दुग्गड़ का सोमवार को निधन हो गया। अंतिम यात्रा सती मोहल्ला स्थित निवास से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों तथा समाजजनों व रिश्तेदारों ने भाग लेकर उन्हें अंतिम विदाई दी। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज के स्व. रूपचंदजी दुग्गड़ के बड़े बेटे और दिलीप, राकेश दुग्गड़ के बड़े भाई एवं अंशुल, अनुराग के पिताजी व अक्षय, गौतम, अर्हम के बड़े पापा नरेंद्र दुग्गड़ का निधन हो गया। अंतिम यात्रा दोपहर 2:30 बजे उनके निवास स्थान सती मोहल्ला से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों, रिश्तेदारों के साथ नगरवासियों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।



**खबर संक्षेप**

## आज 45 दिन बाद मौन व्रत तोड़ेंगे पंडित शर्मा



**भौरासा।** ग्राम भलाई कला में श्री सूर्यमुखी इच्छा पूरण बालाजी धाम खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी भक्त गुरुजी श्री 108 महामंडलेश्वर पंडित बाबूलाल शर्मा आज अपना मौन व्रत तोड़ेंगे। भलाई कला ग्राम के अर्जुन सेंधव ने बताया कि महाराज बाबूलाल शर्मा ने 10 जनवरी से आज 24 फरवरी 2026 तक मौन व्रत रख क्षेत्र, प्रदेश एवं देश की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए यह मौन व्रत रखा था जो आज सुबह 11:00 बजे तोड़ा जाएगा जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल है। भलाई कला के ग्रामीण क्षेत्रों में आज इस आयोजन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर महाराज के दर्शन एवं भंडारे में भोजन प्रसादी का लाभ लेने की अपील ग्रामवासियों द्वारा की गई है।

### ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत वाहन चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

# सीसीटीवी कैमरों, मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

थाना प्रभारी हाटपीपल्या और नेवरी चौकी प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीमों ने की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत जनसहयोग से लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 3.50 लाख रुपए कीमत की 4 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 फरवरी 2026 को चौकी नेवरी थाना हाटपीपल्या में फरियादी कुलदीप लोधी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पल्सर मोटरसाइकिल (MP-41-ZC-2555) ग्राम नेवरी में दुकान के सामने खड़ी थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले में थाना हाटपीपल्या में अपराध क्रमांक 71/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी हाटपीपल्या दीपक सिंह यादव एवं चौकी प्रभारी नेवरी हर्ष चौधरी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया गया। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति साईं कृपा ढाबा, ग्राम शिवपुर मुंडला के पास देखे गए हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राहुल बामनिया और सुनील बाजड को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी सुनील ने बताया कि उसने अमरपुरा (थाना बीएनपी देवास), भूतिया (पीपलरांवा) और जिला सीहोर से भी मोटरसाइकिल चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 4 मोटरसाइकिल जब्त की हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में राहुल पिता रमेश बामनिया (28 वर्ष), निवासी ग्राम सुरजाना, थाना पीपलरांवा, सुनील पिता गोकुल बाजड (34 वर्ष), निवासी ग्राम सुरजाना, थाना पीपलरांवा शामिल है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दीपक यादव, चौकी प्रभारी हर्ष चौधरी, सउनि सुनील मालवीय, प्रआर मनोज शर्मा, आरक्षक दीपक, यशवंत धानुक, सैनिक बॉबी, पंकज, जितेन्द्र एवं भगवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नई नीति वापस नहीं हुई तो 2 मार्च से होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

**बस संचालकों का सरकार को अल्टीमेटम**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्राईम रूट बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन द्वारा स्टेज कैरिज बसों के संचालन को लेकर लागू की जा रही नई नीति के विरोध में जिला कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बैस ने बताया बस संचालकों ने नई नीति को दमनकारी बताते हुए 2 मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि 22 फरवरी 2026 को देवास में प्रदेशभर के बस मालिकों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्टेज कैरिज बसों के संचालन संबंधी नई नीति से प्रदेश के समस्त बस मालिक आहत हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि इस संबंध में बस संचालक कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रख चुके हैं, किंतु अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका है। ऐसे में यदि शासन द्वारा मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 2 मार्च 2026 से प्रदेश के समस्त यात्री बस संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि हड़ताल के कारण आम जनता को होने वाली असुविधा की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी।

प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन के प्रारूप को तत्काल वापस लिया जाए अथवा निरस्त किया जाए। 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए। वर्तमान में प्रदेश में जिस व्यवस्था के अंतर्गत बस संचालन किया जा रहा है, उसे यथावत बनाए रखा जाए। बस ऑपरेटर्स ने शासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि प्रदेश में यातायात व्यवस्था बाधित न हो। इस द्रोणी बड़ी संख्या में बस ऑपरेटर उपस्थित थे।

## एकादशी पर 27 फरवरी को निकलेगी भव्य निशान यात्रा

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर, अमृत नगर में एकादशी के पावन अवसर पर बाबा श्याम की 17वीं भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार निशान यात्रा 27 फरवरी को प्रातः 9 बजे खेड़ापति मंदिर, देवास से प्रारंभ होगी। यात्रा सयाजी द्वार एबी रोड से होते हुए जवाहर नगर मार्ग से अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान भक्तजन बाबा खाटू श्याम के जयकारे लगाते हुए हाथों में निशान लेकर "जय श्री श्याम" का उद्घोष करेंगे। मंदिर समिति ने बताया कि इस वर्ष की निशान यात्रा में 1101 निशान शामिल होंगे। श्रद्धालु प्रसिद्ध खाटू धाम की भावना के साथ मंदिर पहुंचकर भोग आरती में सम्मिलित होंगे। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। एकादशी के अवसर पर मंदिर के पट पूरे दिन श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे। इस संबंध में जानकारी मंदिर संस्थापक श्याम शर्मा, प्रेम अग्रवाल एवं ओम प्रकाश बंसल द्वारा दी गई।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में आगामी त्यौहारों होली, धुलेण्डी, रंगपंचमी, ईद-उल-फितर, राम नवमी, महावीर जयंती आदि त्यौहारों पर कानून व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श के लिए जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में सभी के सहयोग से सारे त्यौहार शांति व सौहार्द पूर्वक मनाये जाते है। आगे भी इसी प्रकार सौहार्द पूर्वक सभी त्यौहार मनाये। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि सभी सदस्य शांति व सौहार्द की परंपरा को कायम रखते हुए त्यौहार मनाने के लिए नागरिकों को जागरूक करें।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों से सुझाव लिये गये एवं सदस्यों द्वारा दिये गये सुझाओं पर अमल करने का आश्वासन दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाती है, किंतु यह सब आमजन के सहयोग के बिना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर कंडों का प्रयोग करें। हरे-भरे वृक्ष न काटे। होली आयोजन समितियां सुनिश्चित करें कि बिजली के तारों के नीचे होली न जलाए। होलिका दहन के लिए किसी का लकड़ी का सामान उठाकर न ले जाएं। सड़क पर मिट्टी बिछाकर होली दहन करें जिससे सड़क खराब नहीं हो। होली पर केमिकल वाले रंगों का उपयोग नहीं करें। गुलाल आदि सूखे रंगों का उपयोग करते हुए होली खेली जाये। पानी का अपव्यय नहीं करें। विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा को देखते हुये डीजे का उपयोग नहीं करें। डीजे पर सख्ती रहेगी।

डीजे बजते दिखने पर 112 पर सूचना दें, तत्काल कार्यवाही की जाएगी। त्योहारों पर डीजे के स्थान पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों जैसे ढोल का उपयोग करें। त्यौहारों पर आयोजन की पूर्व अनुमति अनिवार्य रूप से लें। जिले में प्रतिबन्धात्मक आदेश लागू है, सभी नागरिक उसका पालन करें।

कलेक्टर सिंह ने आयोजित हुई बैठक के दौरान कहा कि कोई भी व्यक्ति त्यौहार के दौरान जबरन चंदा वसूली नहीं करेगा और ना ही किसी को जबरजस्ती रंग या गुलाल लगाएगा। नगर निगम त्यौहार के दौरान पानी की समुचित आपूर्ति करेगा। नगर निगम होली और रंग पंचमी को शाम को पानी का वितरण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जुलूस मार्ग पर सड़कों के गड्ढे प्राथमिकता से भरे जाये।

विद्युत वितरण कंपनी निरंतर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करें। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाएं की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग मेडिकल स्टॉफ, एम्बुलेंस, दवाईयां व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने त्यौहार के दौरान फायर ब्रिगेड, ट्रैफिक व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने कहा कि सभी लोग शांति व सद्भाव से त्यौहार मनाए। कोई भी व्यक्ति गलत कार्य करता है तो उस पर कार्यवाही की जायेगी। पूर्व निर्धारित स्थान पर ही होली जलाये, यदि नये स्थान पर होली जलाते है, तो उसकी अनुमति लें। तेज गति से गाड़ी चलाने, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं।

यदि कोई भी व्यक्ति लॉ एंड ऑर्डर तोड़ता है तो उस पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, जिला शांति समिति के सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नाबालिक बालिका की गुमशुदगी को लेकर परिजन व समाजजनों में आक्रोश, दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



मालवीय बलाई कल्याण समिति चापड़ा के नेतृत्व में सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने रैली के रूप में पुलिस थाना बागली पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि पुलिस थाना बागली के पुलिस सहायता केंद्र चापडा अंतर्गत एक नाबालिक लड़की को लेकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस 15 दिन बाद भी बालिका को नहीं ढूंढ पाई है। 10 फरवरी को परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी लेकिन बालिका अभी तक नहीं मिली है। सोमवार को मालवीय बलाई समिति चापडा के सदस्यों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने रैली के रूप में थाना प्रभारी के नाम का ज्ञापन दिया। परिजनों का कहना है कि इस प्रकार की गंभीर घटना होने के बाद भी पुलिस थाना कमलापुर एवं पुलिस चौकी चापड़ा द्वारा यथोचित जाँच नही कर बालिका की तलाश नही की गई है जबकि ज्ञात हो कि, सम्पुर्ण क्षेत्र में सी.सी.टी.वी. कैमरे भी लगे हुए है, जिनकी भी किसी प्रकार से जाँच नही की गई है। परिजन करीबन 10 दिनो से पुलिस थाना कमलापुर व चौकी चापड़ा में चक्कर पर चक्कर लगा रहे है, परन्तु न्याय से वंचित है। आवेदन पत्र के माध्यम से अवगत करवाया जाता है कि, यदि 48 घण्टे के अन्दर बालिका की तलाश नही की गई एवं अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो समाज एवं ग्रामीण जन आक्रोशित होकर चापड़ा चौपाटी पर चक्का जाम करेंगे। आन्दोलन की जवाबदारी शासन-प्रशासन की रहेगी। इस दौरान रवि दुधानिया, बाबूलाल सोलंकी, रामलाल परमार, मूलचंद परमार, अखिलेश परमार, लोकेंद्र चौहान, देवेंद्र भगत सिंह पवार, दिलीप चौहान, बने सिंह, राहुल पवार, लक्की सोलंकी, विशाल, रोहित चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**गंभीरता से कर रहे काम**

मामले में पुलिस गंभीरता से काम कर रही है। बालिका को ढूंढने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।
**अभिनव शुक्ला,** थाना प्रभारी

### संवेदनशील न्याय की ओर कदम, कुटुंब न्यायालय में स्लोगन बोर्ड का हुआ अनावरण

# परिवार न्यायालय सबसे अधिक संवेदनशील न्यायालय है: मिश्र






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

परिवार न्यायालय परिसर में एक विशेष स्लोगन बोर्ड का विधिवत अनावरण किया गया। यह बोर्ड केवल एक औपचारिक पट्टिका नहीं, बल्कि उस संवेदनशील न्याय दर्शन का सार्वजनिक घोषणा-पत्र है, जो आदेशों से नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं से संचालित होता है। कार्यक्रम में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि परिवार न्यायालय का उद्देश्य केवल विवादों का निपटारा करना नहीं, बल्कि टूटते विश्वासों को संभालना और रिश्तों को पुर्नस्थापित करना है। यहाँ अधिकारों की लड़ाई से अधिक महत्व संवाद, समझ और संतुलन को दिया जाता है। इसके साथ ही न्यायालय की छत पर सोमवार को कोर्ट रूम का भूमिपूजन किया।

### कानून निर्णय देता है, न्यायालय दिशा

कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश जितेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि जिस न्यायालय की स्थापना सुलह की मंशा से हुई है, वहाँ स्लोगन का उद्घाटन मात्र एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उस विचार की अभिव्यक्ति है जो न्याय की पुस्तकों में भले न लिखा हो, पर मनुष्य की आत्मा में बसता है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति चाहे वादी हो या प्रतिवादी, प्रयास यही रहता है कि वह समाधान और आत्मसम्मान के साथ यहाँ से लौटे। यदि परिस्थितिवश साथ रहना संभव न हो, तब भी परस्पर सम्मान बना रहे यही न्यायालय की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि परिवार न्यायालय का प्रथम प्रयास दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह स्थापित करना होता है, ताकि वे निर्णय लेकर नहीं, बल्कि संतुलित समाधान के साथ आगे बढ़ें।

### परिवार न्यायालय संवेदनशील

प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र ने कहा कि सभी प्रकार के न्यायालयों में परिवार न्यायालय सबसे अधिक संवेदनशील होता है। छोटी-छोटी बातों पर जब परिवार टूटते हैं और न्यायालय की चौखट तक पहुँचते हैं, तो प्रारंभ से ही प्रयास उन्हें जोडन्ने का रहता है, ताकि वे पुनः अपने घर खुशी-खुशी लौट सकें। उन्होंने बताया कि लोक अदालतों में भी इसी भावना के साथ आपसी सहमति से मामलों का निपटारा किया जाता है। स्लोगन बोर्ड इसी सोच को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, जो न्यायालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को विवाद से संवाद की ओर प्रेरित करेगा।

### न्यायालय की आत्मा का संदेश

अनावरण किए गए स्लोगन बोर्ड को न्यायालय की आत्मा का प्रतीक बताया गया। दीवार पर अंकित ये शब्द केवल संदेश नहीं, बल्कि हर आगंतुक को यह स्मरण कराते रहेंगे कि यहाँ जीत और हार का निर्णय नहीं, बल्कि समझ, संतुलन और मानवीय समाधान का प्रयास होता है। कार्यक्रम के अंत में विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ। उपस्थित न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं से अपील की गई कि वे कानून को कठोरता के बजाय संवेदनशीलता के साथ लागू करें, क्योंकि परिवार से जुड़े मामलों में न्याय केवल वैधानिक ही नहीं, बल्कि मानवीय भी होता है। इस पहल से आशा व्यक्त की गई कि परिवार न्यायालय में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति संवाद, सम्मान और समाधान की नई दिशा पाएगा।

# अग्रवाल समाज के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण बैठक अग्रवाल समाज धर्मशाला नयापुरा पर आयोजित की गई जिसमें नवीन कार्यपरिषद को आगामी कार्यकाल 2026-2028 के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष सोहन लाल अग्रवाल, संवरक्षक प्रेमकुमार अग्रवाल, ताराचंद सिंघल, उपाध्यक्ष भगवान गोयल, गोविंद गोयल, कोषाध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव विजय कैलाशचंद्र गोयल, सह सचिव ओमप्रकाश बंसल, कार्यालय प्रमुख कैलाश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य हुकमचंद अग्रवाल, जगदीश प्रसाद गर्ग, दिनेश मोदी, राजेश अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य हरिशचंद्र अग्रवाल , पवन गोयल को सर्वसम्मति से नई कार्यपरिषद में शामिल किया गया। सभी समाज सदस्यों ने निर्विरोध निर्वाचित कार्यपरिषद को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष सोहन लाल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी के सहयोग ने हमारा आत्मविश्वास और प्रबल कर दिया है में आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पूरी टीम समाज की एकता अखंडता बनाए रखने एवं समाज के चहुमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेगी।आभार समाज सचिव विजय कैलाशचंद्र गोयल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा सभी सदस्य गण परस्पर सहयोग की भावना बनाए रखते हुए निरंतर इसी प्रकार समाज के विकास में योगदान प्रदान करते रहे। आप सभी के सहयोग से ही समाज ने विगत वर्षों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल प्राप्त कर समाज का नाम रोशन किया।

## खबर संक्षेप

### जखौरा पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में वांछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जखौरा पुलिस को सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमर सिंह पुत्र भरोसे पाल (उम्र करीब 52 वर्ष), निवासी ग्राम विनैका टोरन थाना जखौरा जनपद ललितपुर तथा नीरज बरार पुत्र मम्मू बरार (उम्र करीब 32 वर्ष), निवासी ग्राम मुहारा थाना जखौरा जनपद ललितपुर शामिल हैं। दोनों वारंटियों को 23 फरवरी 2026 को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस थाना जखौरा ने अपनी टीम के साथ की।

### अवैध तरीके से किए निर्माण को तोड़ने का आरोप

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के आजादपुरा में एक व्यक्ति के निर्माण कार्य को दबंगों द्वारा तोडऩे का मामला सामने आया है। पीड़ित मोहल्ला आजादपुरा निवासी ओमेन्द्र सिंह तनय स्व.अजित सिंह एवं मनीष नायक तनय स्व. कैलाशचन्द्र निवासी छत्रसालपुरा थाना कोतवाली जिला ललितपुर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 फरवरी 2026 की रात 02.32 बजे मोहल्ला रावतयाना निवासी रूपचंद्र उर्फ रुपेश साहू पुत्र हल्काई द्वारा अपने साथियों के साथ गुंडागर्दी करते हुए अवैध रूप से तोडफ़ोड़ की गई।पीड़ित ने बताया कि वह अपने मकान नंबर पुराना 245 नया 294 आराजी संख्या- 4804 मेंकाबिजहै। इसकब्जेकेसंबंधमेंविपक्षीपवनसिंह आदि से आराजी संख्या- 4794/1 विवाद हुआ था, जिसमें राजस्व विभाग द्वारा पक्ष निर्णय किया गया था। राजस्व द्वारा किए गए निर्णय के बाद निर्माण कार्य चल रहा था। लेकिन रूपचंद्र साहू और उसके साथियों ने अवैध रूप से तोडफ़ोड़ कर दी, जिससे निर्माण कार्य में लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि रूपचंद्र साहू दबंग किस्म का भू-माफिया है, जो लैंड माफिया बनाकर जमीनों को फर्जी तरीके से खरीद-फरोख्त करता है। जब पीड़ित ने काम रोकने को कहा तो रूपचंद्र साहू ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### स्टेशन के बाहर से मोटर साइकिल चोरी

**ललितपुर।** शहर के स्टेशन क्षेत्र में एक मोटर साइकिल चोरी का मामला सामने आया है। जीआरपी थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार नेहरू नगर निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि बीती 10 फरवरी 2026 को रात करीब 10 बजे वह अपनी होंडा ड्रीम मोटर साइकिल नंबर यूपी94 पी2237 से स्टेशन पर स्विगी का ऑर्डर देने गया था। उसने अपनी मोटर साइकिल प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के सामने खड़ी की थी, लेकिन जब वह वापस आया तो उसकी मोटर साइकिल वहां नहीं थी।राजेंद्र सिंह ने अपनी मोटर साइकिल की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद उसने जीआरपी थाना ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित

**ललितपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत सोमवार को जनपद में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन की कड़ी निगरानी और परीक्षा केन्द्रों पर सुदृढ़ व्यवस्थाओं के चलते परीक्षार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के विषय अंग्रेजी) में कुल 19,379 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 18,433 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। 946 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। संस्थागत में 10,492 बालक व 8,746 बालिकाएं पंजीकृत थीं, परीक्षार्थियों की संख्या 141 रही। इंटरमीडिएट के व्यावसायिक विषय में 257 में से 248 ने परीक्षा दी।

---

## जिला उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा कर अपील की

# व्यापारी होली के त्योहार को देखते मिलावटी खाद्य सामग्री नहीं बेचे

### खाद्य अधिकारी सैंपल के नाम पर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला उद्योग व्यापार मंडल की मीटिंग इलाइट चौराहे स्थित होटल गोल्डन ड्राइव में जिला अध्यक्ष सुरेश बडेरा की अध्यक्षता में एवं जिला वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरवांस, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई के संचालन में संपन्न हुई बैठक में सभी व्यापारी भामाशाहों एवं पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखें और सर्वसम्मति से तय किया गया कि प्रांतीय कार्य समिति की बैठक, होली मिलन व्यापारी सम्मेलन के रूप में की जावेगी जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से सैकड़ो व्यापारी और पदाधिकारी शामिल होंगे जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल रहेंगे लगभग प्रदेश सरकार मंत्रीगण भी शामिल हो ने की संभावना हैं जिसमें पिछले कार्य समिति की मीटिंग की पुष्टि की जाएगी एवं प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं का हल करने का प्रयास किया जाएगा प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा जनपद की जिन व्यापारियों को कोई भी समस्या हो वह लिखित रूप से संगठन के अध्यक्ष, महामंत्री या प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन के रूप में समस्याएं रख सकते हैं।

अभी हाल में ही नगर मंत्री पवन जैन करमोरा की दुकान विद्या ज्वेलर्स शाही रोड सावरकर चौराहे के पर अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान पर धाबा बोल दिया और दुकान की शटर तोड़कर लगभग ढाई किलो चांदी के बर्तन, पायल बिछोड़ी लेकर चोर चंपत हो गए जो पुलिस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया क्योंकि घंटाघर सदर चौकी के बगल में पवन जैन करमोरा की दुकान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर पवन जैन की दुकान पर पहुंचे ही तत्काल पुलिस को सूचना दी जिस पर सदर कोतवाल साहब दलबल के साथ मौका स्थान पर पहुंचे और उन्होंने आश्वासन दिया सीसी टीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से दो लड़के चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं इसलिए कोतवाल साहब ने कहा शीघ्र ही इस चोरी का पर्दाफाश कर दिया जाएगा व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने चोरी की घटना को सदर कोतवाली में दर्ज कराई ओर कहा यदि शीघ्र ही पवन जैन की चोरी का पर्दाफाश नहीं किया गया तो नगर की चोरी से संबंधित पिछली की कई वारदातों को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया जाएगा और मीटिंग में व्यापारियों से अपील की गई होली के त्योहार को देखते हुए मिलावटी खाद्य सामग्री न बेचे। खाद्य अधिकारी से भी निवेदन किया गया सैंपल के नाम पर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न किया जाए और अंत में नगर महामंत्री समित-समैया ने सभी पदाधिकारियों और व्यापारी भामाशाहों का आभार प्रकट किया मीटिंग में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित मनीष सडैया, जिला अध्यक्ष सुरेश बडेऱा, जिला वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरवांस, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, गल्ला मंडी अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष जयकुमार महोली, प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग मंच कमलेश सराफ, प्रदेश मंत्री संतोष इमलिया, प्रदेश युवा मंत्री अजय सोनी, मंडल अध्यक्ष अंकुर सिंघई , जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष सिद्धेश्वर स जमोरया, जिला संयुक्त महामंत्री अभिषेक अनोरा , जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बॉबी राजा नाराहट , डॉ संजीव कड़की, विजय पहलवान ,रविंद्र दिवाकर, नगर महामंत्री समित समैया , नगर युवा अध्यक्ष संजय जैन रिंकू ,जिला विधि सलाहकार एडवोकेट नीरज मोदी, नगर विधि सलाहकार एडवोकेट अखिलेश शर्मा, जिला मंत्री, अनिल मामा भांजा, जितेंद्र सोनी, रवि चौहान ,विजय जैन कॉफी हाउस ,संभव सिंघई ,सुबोध गोस्वामी, मनीष जैन मनपसंद, अशोक स्वर्णकार, मगन सोनी, सौरभ शेरबास, विपिन रोड़ा, विवेक मड़वैया, अरविंद जैन, राजकुमार साहू, प्रवीण सिंघई, अमित लिंकन , आत्माराम रिछारिया, महावीर कामरा, अनुज जैन , अखिलेश कुमार, आशीष अग्रवाल , अंकित कामरा, अंकुर जैन, नरेंद्र मोदी, पवन जैन करमोरा, पंडित अवधेश नायक, केशव साहू, वीरेंद्र भैया, संजीव नायक, शिखर मिर्चवारा, जगदीश कुशवाहा, संतोष कुमार, पंकज टडैया, सौरभ जैन, अभिषेक थनबारा, भागचंद जैन, अनुज कुमार जैन, रितेश राठौर, मुरारी सोनी, संजीव सोंरया, राहुल पंसारी , जगदीश कुशवाहा राहुल पहलवान, रितेश राठौर मौजूद रहे।

---

## यूपी ऑर्थोकॉन में सराहना

# ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब की उपलब्धियों को सम्मान मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अस्थिरोग विशेषज्ञों की 50वीं गोल्डन जुबली कॉनफ्रेन्स यूपी आर्थोकॉन आगरा में ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब के सचिव अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश खैरा ने ललितपुर का गौरव बढ़ाया है। उन्हें फैकल्टी स्पीकर के तौर पर सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा ललितपुर ऑर्थोकॉन 2025 के सफल आयोजन पर क्लब के चेयरमैन एवं सचिव को भी सम्मानित किया गया। दौनों सम्मान डॉ.खैरा ने ग्रहण किये।

गोल्डन जुबली ऑर्थो कान्फेंस से लौटकर आये ऑर्थोसर्जन डॉ.आकाश खैरा ने बताया कि आगरा में हुआ यह सम्मेलन अपनी विशालता के पचास वर्ष पूरे कर चुका है। उन्होंने बताया कि विश्व भर के अस्थिरोग विशेषज्ञों के इस सम्मेलन में उन्हें सन 2025 में ललितपुर ऑर्थोकॉन के सफल आयोजन के लिये ललितपुर आर्थोपेडिक क्लब के चेयरमैन डॉ.एके दिवाकर के साथ उन्हें सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में ललितपुर के ऑर्थोपेडिक क्लब को यूपी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन से जोड़े जाने की घोषणा भी मंच से की गयी, जो ललितपुर जैसे जिले के लिये बड़ी उपलब्धि है। इससे ललितपुर के अस्थिरोग विशेषज्ञ विश्व की नवीनतम तकनीको से अपडेट रह सकेंगे। ललितपुर ऑर्थो क्लब के उपाध्यक्ष डॉ. एमसी गुप्ता, संयुक्त सचिव डॉ. सौरभ साहू ऑर सदस्यगण डॉ. महेश कुमार नवेद्या, डॉ. केके मिश्रा, डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. शुभम असाठी, डॉ. निर्भय सिंह, डॉ. पीयूष जैन, डॉ. पलाश सिंघई, डॉ. चेतन शिंदे, डॉ. अंकित साहू, डॉ. नितिन जैन ने क्लब की उपलब्धि पर हर्ष प्रकट किया है।

---

## अभा यादव महासभा की फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। महासभा का आरोप है कि इस फिल्म में लड़की को यादव समाज (हिंदू धर्म) से और लड़के को मुस्लिम धर्म से दर्शाया गया है, जिससे यादव समाज के लोगों में नाराजगी है। महासभा के जिलाध्यक्ष आधार सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार जाति आधारित सम्मेलनों, रैलियों पर रोक है। इसके बावजूद कुछ लोग जाति और धर्म आधारित फिल्में बनाकर प्रदेश के शांत वातावरण को बिगाडऩे का प्रयास कर रहे हैं। महासभा ने आह्वान किया है कि ऐसी किसी भी फिल्म को बनाया या चित्रित करने की अनुमति न दी जाए, जिससे किसी भी जाति या धर्म विशेष की भावनाएं आहत होती हों। महासभा ने फिल्म पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस पत्र पर महासभा के कई पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें जिलाध्यक्ष आधार सिंह यादव, महेंद्र भान सिंह, विजय सिंह यादव आदि शामिल हैं।

---

## प्रांतीय कार्य समिति व होली मिलन व्यापारी सम्मेलन का आयोजन 5 मार्च को होगा



**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल की बैठक इलाइट चौराहे स्थित होटल गोल्डन ड्राइव में जिलाध्यक्ष सुरेश जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 मार्च 2026 को प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक होली मिलन व्यापारी सम्मेलन के रूप में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर से सैकड़ों व्यापारी व पदाधिकारी भाग लेंगे। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना जताई गई। बैठक में व्यापारियों से अपनी समस्याएं लिखित रूप में संगठन को देने की अपील भी की गई। इस दौरान नगर मंत्री पवन जैन करमुहारा की विद्या ज्वेलर्स दुकान में हुई चोरी की घटना पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने बताया कि अज्ञात चोर शटर तोड़कर लगभग ढाई किलो चांदी के आभूषण व बर्तन ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया है। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में होली पर्व को देखते हुए व्यापारियों से मिलावटी खाद्य सामग्री न बेचने की अपील की गई तथा खाद्य विभाग से सैंपलिंग के नाम पर उत्पीडऩ न करने का अनुरोध किया गया। अंत में नगर महामंत्री समित समैया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

---

## रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने शपथ ली

### सचिव डा.एसपी पाठक, चेयरमैन संतोष शर्मा, वाइस चेयरमैन अजय बरया व कोषाध्यक्ष डा.अक्षय बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की एक बैठक स्थानीय कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता एवं सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई। बैठक में रेड क्रॉस सोसाइटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी में सचिव डा.एस.पी.पाठक, चेयरमैन संतोष शर्मा, वाइस चेयरमैन अजय बरया एवं कोषाध्यक्ष डा. अक्षय एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों को सीडीओ ने शपथ दिलाई।

सचिव ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ललितपुर शाखा स्वास्थ्य एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका का निर्वाहन कर रही है विगत माह समिति द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन पोषण पोटलियों का वितरण एवं कंबल वितरण किया गया। सीडीओ ने सदस्य संख्या बढ़ाने एवं सामाजिक गतिविधियां तेज करने को कहा। बैठक में नोडल अधिकारी/उप सीएमओ डा. आर.एन.सोनी, अनिल अंचल, डा. अजय रसिया, राजेश लिटौरिया, डा. सनत मोदी, डा. विनोद साहू, डा. एम.एस.तोमर, डा. अनिल जैन, रजनीश चड्ढा, डा. राजेश शर्मा, डा. आर.सी.साहू, डा. गजेंद्र चौहान, जगजीत सिंह सरदार, डा. अवधेश तिवारी उपस्थित रहे।

---

## जखौरा में बसपा की कमेटियों का गठन तेज



**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी ने संगठन विस्तार अभियान को गति देते हुए 226 ललितपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर नंबर 25 जखौरा में बूथ एवं सेक्टर गठन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित कर नई कमेटियों का गठन किया। कार्यक्रम बहिन मायावती के दिशा-निर्देशन में चल रहे अभियान का हिस्सा था। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केहर गौतम मंडल प्रभारी झांसी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक गौतम विधानसभा प्रभारी मौजूद रहे। सेक्टर नंबर 25 के अंतर्गत बूथ संख्या 192 एवं 200 पर नई बूथ कमेटियों का गठन किया गया। बूथ संख्या 192 पर ओमप्रकाश अहिरवार तथा बूथ संख्या 200 पर दामोदर अहिरवार को बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बसपा शासन की पहचान रही कानून-व्यवस्था और विकास केहर गौतम मुख्य अतिथि केहर गौतम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के नेतृत्व में बसपा ने सर्व समाज के हित में ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार के चारों कार्यकाल में प्रदेश में मजबूत कानून-व्यवस्था स्थापित हुई, जिससे आमजन में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना। अपराध और गुंडागर्दी पर सख्त नियंत्रण बसपा शासन की प्रमुख उपलब्धि रही। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गईं। गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया गया। सडक़ों, पुलों, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, मेडिकल एवं पैरामेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस बदलाव लाए गए। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष संतोष कुमार तालबेहट, जिला महासचिव छोटेलाल प्रजापति, हरिराम रजक, जिला कार्यकारिणी सदस्य तुलाराम राजपूत, संभाग प्रभारी सुरेश अहिरवार, अशोक कुमार, मोहर सिंह, शक्तिमान गौतम, महेंद्र कुमार, करीम खां, जितेंद्र कुमार, मुलायम करन, अख्तर, रवि प्रधान जखौरा, जगदीश, जगभान, अरविंद कुमार, मथुरा प्रसाद, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार, बीरन अहिरवार, राघवेंद्र सिंह जरया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया और आगामी चुनावों में बसपा को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

---

## नेहरू महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

# भारतीय संस्कृति में खेलों का महत्व सर्वोपरि: खैरा

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं श्री हनुमानजी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में एथलीटों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। उद्घाटन प्रबंध समिति अध्यक्ष शरद खैरा, उप मंत्री हरदयाल सिंह लोधी, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री एवं प्रो. अनिल सूर्यवंशी ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान प्रबंध समिति अध्यक्ष शरद खैरा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ नियमित खेल अभ्यास करने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से शतरंज, कबड्डी, धनुर्विद्या जैसे खेलों को विशेष स्थान मिला है। हमें पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि विकसित कर देश का नाम विश्व स्तर पर ऊंचा करना चाहिए। उप मंत्री हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में पढ़ाई जितनी आवश्यक है, उतने ही खेल भी महत्वपूर्ण हैं। खेलों से अनुशासन और संघर्षशीलता विकसित होती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री हरिओम जी ने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। क्रीड़ाधिकारी प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। 100 मीटर दौड़ (छात्र वर्ग) में अमन प्रथम, वीरपाल सिंह द्वितीय व सुरेन्द्र तृतीय रहे, जबकि छात्रा वर्ग में साक्षी बुन्देला प्रथम, सपना कुशवाहा द्वितीय व अंगिता तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में अमन प्रथम, आर्यन लोधी द्वितीय व नितिन यादव तृतीय रहे तथा छात्रा वर्ग में बबीता प्रथम, खुशबू द्वितीय व नेहा राजपूत तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में आर्यन लोधी प्रथम, अरविन्द राय द्वितीय व विशाल परिहार तृतीय रहे, जबकि छात्रा वर्ग में बबीता प्रथम, राजा बेटी द्वितीय व अंकिता तृतीय रहीं। इसके अलावा गोला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो व 800 मीटर दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने सहयोग दिया। समारोह का संचालन डा. दीपक पाठक ने किया तथा अंत में क्रीड़ाधिकारी प्रो. अनिल सूर्यवंशी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

## अस्पताल में लगने थे सीसीटीवी कैमरे, निजी हाथों में बेच दिए

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र में एक व्यवसायी के साथ धोखाधड़ी और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित आजादपुरा निवासी नीरभ जैन पुत्र सुमतचंद जैन ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मृदुल जैन उर्फ चीकू पुत्र मनोज कुमार जैन निवासी सरायपुरा ने उसके साथ धोखाधड़ी की है।पीड़ित ने बताया कि वह बेस्ट डील दुकान के नाम से कंप्यूटर और सीसीटीवी का व्यापार करता है। उसे जिला अस्पताल ललितपुर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम मिला था, जिसके लिए उसने मृदुल जैन को सीसीटीवी का सामान अस्पताल में लगाने के लिए दिया था। लेकिन मृदुल जैन ने तय समय के अंदर कार्य पूरा नहीं किया और जब पीड़ित ने कार्य की प्रगति देखने गया तो पता चला कि जितना सामान पीड़ित ने मृदुल जैन को दिया था, उतना सामान न तो मौके पर लगा था और न ही मौके पर मौजूद था।जब पीड़ित ने मृदुल जैन से पूछा तो पता चला कि बहुत सा सामान पीड़ित की जानकारी के बगैर अन्य व्यक्तियों से पैसा लेकर उनके यहां लगा दिया गया है और पीड़ित के साथ छल किया गया है। पीड़ित ने उन व्यक्तियों के बारे में पूछा तो मृदुल जैन ने गोलू, जाबिर खान गोविंद नगर, मासूम समैया इलाईट पर पुल के आगे, संजय भैया चर्च के पास बस स्टैंड के पास ललितपुर, चयन जैन पुत्र सतीश जैन, गौरव जैन, हर्षेन्द्र पुत्र पुरषोत्तम कुमार जैन, सिविल लाइन ललितपुर, अमन जैन साड़ी लाइन सुभाषपुरा ललितपुर के नाम बताए।उक्त कृत्य से पीड़ित का व्यवसाय प्रभावित हुआ है और उसे एक लाख रुपये से अधिक की क्षति हुई है। जब पीड़ित ने मृदुल जैन से अपना सामान या उसके एवज में सामान का पैसा मांग तो मृदुल जैन और उसके पिता मनोज जैन एवं उनके साथ अन्य व्यक्तियों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

---

## किए गए कार्यों की सराहना करते हुए दीर्घ व स्वस्थ जीवन की कामना की

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार ललितपुर जनपद के दो वरिष्ठतम व्यक्तित्व को सम्मानित करने के लिए समिति के सदस्य पदाधिकारी सबसे पहले पंडित भोगीराम कौशिक सेवा निवित्त प्रधानाध्यापक के निवास पहुंचे और उन्हें तिलक, माला पहनाकर अंग वस्त्र भेट कर, शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके दीर्घ और स्वस्थ जीवन की कामना की द्वितीय चरण में चिग़लउआ बार पहुंच कर राजा राम गोस्वामी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक बेसिक शिक्षा को उनके व्यक्तित्व कृतित्व एवं समाज सेवा के प्रति समाज के प्रतिष्ठित लोगों के मध्य बैठक में सम्मानित किया गया, गोस्वामी एक जीवन व्यक्तित्व के धनी रहे समाज के प्रति उच्च आदर्श स्थापित कर राष्ट्र सेवा में पूरा जीवन समर्पित किए हुए जनहित के कार्य आज भी कर रहे हैं। सम्मान समारोह में वरिष्ठ नागरिकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक मंदिर में पत्थर की मूर्ति बनाकर अनवरत उसकी पूजा करने से उसमें देवत्व आ जाता है, किंतु उसी मंदिर में बरसों जाने के बाद भी इंसान इंसान नहीं बन पाता हम वरिष्ठ जनों को समाज में इंसानियत का पाठ पढ़ना है जिससे समाज एक रहकर राष्ट्र हित में समर्पित हो सके। वरिष्ठ नागरिकों ने जनपद में हो रही आत्महत्याओं के प्रति गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसको रोकने के लिए युवा वर्ग एवं साधनहीन व्यक्तियों के संपर्क में आकर उन्हें समझा बुझा कर अपने व्यक्तित्व के माध्यम से कार्य कर ने तथा जीव को पार्जन के साधन जुटाकर अपने आप को व्यस्त रखकर परिवार का संचालन करने की सलाह देने का संकल्प लिया, ताकि वह अपने जीवन से हतोत्साहित न हो सके और अपने साथ समाज का भी हित कर सकें।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित प्रताप नारायण दीक्षित, विशिष्ट अतिथि के रूप में हरेंद्र शाह बुंदेला राव साहब नाराहट उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री गंधर्व सिंह लोधी ने की, कार्यक्रम का संचालन तथा संयोजन समिति के महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने किया। बैठक में इंजीनियर राजाराम गोस्वामी जगदीश प्रसाद पाराशर प्रकाश दीक्षित महरौनी सुखदायल अहिरवार संजीव नामदेव अरुण कुमार दीक्षित सुरेश कुमार तिवारी संजय दीक्षित सुरेश कुमार श्रीवास्तव पंडित लालाराम बाजपेई महरौनी आसाराम तिवारी कुरोरा हरिराम उपाध्याय बैजनाथ बाजपेई मनोहर लाल दुबे राव साहब राजा सूरज सिंह नीलू दुबे अनुराग गोस्वामी हरि शरण मिश्रा शिव नारायण दुबे इंजीनियर पवन कौशिक नरेंद्र दीक्षित राम रतन पांडे हरेंद्र शाह बुंदेला राव साहब गिरजा शंकर दुबे जयशंकर मिश्रा काशीनाथ नायक सुबोध गोस्वामी विजय गोपाल हुंडे त विश्वनाथ दुबे आदि वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे कार्यक्रम की पूर्णता पर सभी उपस्थित जनों का एवं कार्यक्रम में सहयोग करने वाले चिग़लऊआ के नागरिकों का समिति के महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने आभार व्यक्त करते हुए बहुत-बहुत धन्यवाद प्रेषित किया ।

## जिला भाजपा की पत्रकार वार्ता में बजट 2026-27 की उपलब्धियां गिनाईं

# प्रदेश के बजट पर बोले मंत्री पंवार सर्ववर्गीय कल्याण के लिए बजट




हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2026-27 का बजट विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प और सर्ववर्गीय कल्याण की भावना के साथ प्रस्तुत किया है। यह बात राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने जिला भाजपा द्वारा स्थानीय शिवानी रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि यह बजट ज्ञानी थीम पर आधारित है। जी -गरीब कल्याणवाय युवा शक्ति, ए -अन्नदाता, एन नारी शक्ति, आई इन्फ्रास्ट्रक्चर और आई इंडस्ट्री को समर्पित है। बजट में मध्य प्रदेश स्पेसटेक नीति 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे प्रदेश अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा। सिंहस्थ महापर्व के लिए 3,600 करोड़ रुपये का प्रावधान करते हुए पहली बार आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना का बजट आकलन किया गया है। प्रदेश की जीएसडीपी में 12 प्रतिशत वृद्धि को भी उन्होंने उत्साहजनक बताया।

### प्रत्येक विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य

पवार ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए 4.38 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के 4.21 लाख करोड़ रुपये से लगभग 4 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लिया जाने वाला कर्ज निर्धारित मापदंडों के अनुसार पूंजीगत विकास के लिए होता है। प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत 80 स्थान चिन्हित किए गए हैं।

### किसानों को सोलर सिंचाई पंप और विद्युत सुविधा

कृषि क्षेत्र के लिए विद्युत मंडल द्वारा 5 एचपी तक के कृषि पंपों तथा एक घरेलू कनेक्शन को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने हेतु 5,276 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत 335 करोड़, समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान हेतु 150 करोड़ तथा सहकारी बैंकों के माध्यम से आपातकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के तहत 3,000 करोड़ रुपये की लागत से सोलर सिंचाई पंप उपलब्ध कराए जाएंगे।

### लाड़ली बहनों और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष फोकस

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ वर्ग के लिए 1,691 करोड़ रुपये तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए 2,857 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के लिए 1,801 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के अंतर्गत 23,883 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### जिले में भी विकास कार्यों को गति

मंत्री श्री पवार ने बताया कि ब्यावरा, सुठालिया, सारंगपुर और राजगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष एवं लैब निर्माण के लिए बजट प्रावधान किया गया है। ब्यावरा में प्रमुख मार्गों का निर्माण, नरसिंहगढ़-बैरसिया के बीच पार्वती नदी पर नवीन पुल, राजगढ़ में वीआईपी बायपास तथा सारंगपुर और खिलचीपुर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री पवार ने कहा कि जिले के लोगों को किडनी संबंधित रोगों के मरीजों को जिले के बाहर भटकना पड़ रहा था। लेकिन हमारे लगातार प्रयासों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए भाजपा सरकार ने नए अवसर खोले हैं जिसमें ब्यावर में ट्रामा सेंटर और डायलिसिस जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, वहीं सारंगपुर और राजगढ़ में भी डायलिसिस सुविधा मरीजों को आसानी से उपलब्ध होगी।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

पवार ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश विकास के मामले में पिछड़ा हुआ था। उन्होंने दावा किया कि पहले प्रदेश में सिंचाई का रकबा मात्र 7 लाख हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 56 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार पहले प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि वर्तमान में उनकी संख्या बढ़कर 30 हो गई है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## 290 हितग्राहियों को पीएम आवास राशि वितरण

# 3 करोड़ 71 लाख रुपए से अधिक के निर्माण कार्यों का मंत्री पंवार और सांसद ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



नगर में आज विकास को नई गति देते हुए मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं सांसद रोडमल नागर ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक अंतर्गत 290 पात्र हितग्राहियों को भवन निर्माण हेतु हितलाभ राशि का वितरण किया। साथ ही नगर के चहुँमुखी विकास के लिए 3 करोड़ 71 लाख रुपए से अधिक राशि की लागत से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन भी संपन्न हुआ।

### संतुलित और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध सरकार

मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि नगर की जनसंख्या निरंतर बढ़ रही है और उसी अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी विधानसभा के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक नागरिक का विकास करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि शहर और विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का व्यापक निर्माण एवं उन्नयन कार्य जारी है। ब्यावरा शहर की सबसे बड़ी आवश्यकता शुद्ध पेयजल को ध्यान में रखते हुए मोहनपुरा परियोजना के अंतर्गत लगभग 33 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली पेयजल योजना आगामी दो वर्षों में पूर्ण होकर शहर को अगले 50 वर्षों तक पेयजल उपलब्ध कराएगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि ब्यावरा शासकीय चिकित्सालय में नया ट्रॉमा सेंटर शीघ्र ही संचालित होगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जहां ग्रामीण अंचल से अध्ययन हेतु आने वाली बालिकाओं के लिए 100 बेड का कन्या छात्रावास उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए नवीन सीएम राइज स्कूल, एसडीएम कार्यालय, सुठालिया रोड का उन्नयन, राजगढ़ बायपास से पीपल चैराहा तक नवीन सड़क निर्माण, जनपद भवन एवं पार्वती पुल सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का जिक्र किया।

## मां के इकलौते नौजवान बेटे का सुनसान जगह पर पड़ा मिला शव

**छापीहेड़ा।** नगर में मृत शव की सूचना मिलते पहुंची स्थानीय पुलिस मौके पर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए शव को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लोगों का कहना जहरीली शराब पीने से मौत परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि किस कारण हुई वैसे तो लगातार पुलिस प्रशासन जहरीली शराब बेचने वाले बनाने वाले लोगो पर कठोर से कठोर कार्यवाही तथा लगाम कसने के कार्य निरंतर कर रहे है। इसका सेवन करने के लिए तड़पता रहता है जब तक जहरीली कच्ची शराब का घूंट उसको नहीं मिलता तब तक ना नींद आती ना सुकून मिलता है परंतु पीने वाले को यह पता नहीं कि यह जहरीली कच्ची शराब पीने से शरीर के सभी अंगों को दीमक की तरह खोखला कर चाट जाती है हर इंसान में मन बुद्धि होती है पर वह अपनी बुद्धि इस और क्यों नहीं चला पता की जहरीले नशीले पदार्थों का सेवन करने से स्वास्थ्य खराब होता है तथा किडनी लीवर फेफडो को खत्म करता है।

## खुले चेंबरों से बनी दुर्घटनाओं की आशंका

# कलेक्ट्रेट में कई जगह खुले पड़े नालियों और वाल्वों के चेंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय कलेक्टोरेट परिसर में खुले पड़े नालियों के चेंबरों से इन दिनों दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। इन खुले हुए चेंबरों में कभी भी कोई बाईक सवार या पैदल राहगीर गिरकर हादसे का षिकार हो सकता है। इसके साथ ही चार पहिया वाहनों के पहिए भी इनमें जाने से वाहन क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। कलेक्टोरेट परिसर में यह हाल सिर्फ एक ही स्थान पर नहीं है बल्कि एसबीआई की फूलखेड़ी ब्रांच के ठीक सामने, एवं पेंशन कार्यालय के पीछे के हिस्से, जिला निवार्चन कार्यालय के



सम्मुखये चेंबर खुले पड़े हुए हैं। कलेक्टोरेट परिसर का मेंटनेंस देखने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों का ध्यान अभी तक इस लापरवाही की तरफ नहीं गया है। अगर इन खुले पड़े चेंबरों को जालियों या अन्य किसी माध्यम से कवर्ड करवा दिया तो संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

### पैदल राहगीरों के गिरने की ज्यादा आषंका

इन खुले चेंबरों में बाईक सवारों, कारों से ज्यादा पैदल राहगीरों के गिरने की ज्यादा संभावना बनी हुई है। दिन के समय तो ये खुले चेंबर नजर आ जाते हैं लेकिन रात्रि के समय नजर नहीं आने पर कोई भी इनमें गिरकर घायल हो सकता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट की विभिन्न शाखाओं सहित एसबीआई ब्रांच में कभी-कभी देर शाम या रात्रि तक कर्मचारी कार्य करते रहते हैं। खुले चेंबर नजर न आने से वे इनमें गिरकर चोटिल हो सकते हैं।

## इंदौर पब्लिक स्कूल में किया परीक्षार्थियों का स्वागत



**ब्यावरा।** परीक्षा के पहले दिन , सभी विद्यार्थियों का फूल और तिलक लगाकर किया स्वागत' कक्षा 5वीं , 8वीं के लिए बोर्ड परीक्षा केंद्र स्कूल इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा में 20 फरवरी को परीक्षा के पहले दिन सभी विद्यार्थियों का फूल और तिलक लगाकर स्वागत किया गया, और स्कूल प्रबंधक की और से सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# मां शबरी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

जयस आदिवासी संगठन और समस्त भिलाला समाज लसूड़ल्या रामनाथ कुरावर के तत्वावधान में मां शबरी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम माँ शबरी और भगवान श्रीराम लक्ष्मण की झाँकी सजाई गई और डीजे ढोल के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुख्यमंत्री हाट बाजार तलेन रोड़ से 12 बजे प्रारंभ हुई, जिसमें आदिवासी जनजाति भिलाला समाज के महिला और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

शोभायात्रा में हाथ में तीर कमान थामें अखाडे खेलते युव पुरूष चल रहे थे, वहीं महिलाए पारम्परिक लोकगीतों पर थिरकते चल रही थी। मुख्य बाजार में सामाजिक संगठन के युवाओ ने शोभायात्रा का स्वागत करते हुए माँ शबरी और राम लक्ष्मण की पूजा की। व्यापारी बंधुओं ने साफा पहनाकर फूल माला के साथ स्वागत किया। शोभायात्रा करीब 4 बजे लसूड़ल्या रामनाथ स्थित दुर्गा



मंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश भिलाला, अनिल भिलाला, सुनील भिलाला, दशरथ भिलाला, गुलाब सिंह भिलाला, करण सिंह भिलाला, मांगीलाल भिलाला, दिनेश भिलाला, भोलाराम भिलाला, द्वारका प्रसाद भिलाला, प्रदीप भिलाला आदि ने सामाजिक कुरीति को मिटाने, शिक्षा में अग्रणी रहने और समाज सुधार पर अपनी अपनी बात रखी। इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तारू राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि लखन चैहान, पार्षद दिलिप सिंह बना, पार्षद राजकुमार चैकसे मौजूद रहे।

# खुशियों के ओटले पर 90 जरूरतमंदों को वितरित की चप्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जनसहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटले में रविवार को सेवा का एक और प्रेरणादायी कार्य किया गया। संस्था द्वारा 90 जरूरतमंद महिलाओ एवं बच्चियों को नई चप्पलें एवं सैंडल वितरित किए गए। संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर स्थित एमडी इंडस्ट्रीज द्वारा संस्था को 200 जोड़ी नई चप्पलें सेवा कार्य हेतु भेजी गई हैं। इन्हें गरीब एवं जरूरतमंद लोगों में चरणबद्ध तरीके से वितरित किया जा रहा है।

रविवार को इनमें से 90 जोड़ी चप्पलों का वितरण किया गया, शेष चप्पलें भी शीघ्र ही जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएंगी। चप्पल प्राप्त कर महिलाओं और बच्चियों के चेहरों पर विशेष खुशी देखने को मिली। 'बेटी राजकुमारी ने बताया कि




उसे काफी समय से चप्पलों की आवश्यकता थी और आज जब उसे नए सैंडल मिले तो वह बहुत खुश हुई। डॉ. सिंह ने बताया कि संस्था निरंतर इस प्रकार के सेवा कार्य करती रहती है और समाज के सहयोग से जरूरतमंदों की सहायता जैसे रोजाना संस्था द्वारा खुशियों की रोटी के माध्यम से 100 लोगो को भोजन बाटने का कार्य ब्यावरा पोस्ट ऑफिस के सामने चलाया जा रहा है।

## श्री श्याम परिवार राजगढ़ एवं समस्त भक्तों द्वारा किया गया आयोजन

# श्याम बाबा को करवाया नगर भ्रमण, उमड़े अनेकों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय अस्पताल रोड स्थित राजयोग महादेव मंदिर परिसर में ही खाटूश्याम बाबा के मंदिर का निर्माण होना वाला है। इसी क्रम में बाबा श्याम के भक्तों द्वारा रविवार को नगर में पैदल निशान यात्रा का आयोजन करते हुए बाबा श्याम को नगर भ्रमण करवाया गया। फाग उत्सव के रूप में निकली शोभायात्रा स्थानीय काशीपुरा क्षेत्र स्थित संतोष माता मंदिर से आरंभ होकर मेन मार्केट, झांसी की रानी चैराहा, नाका नंबर-3 होते हुए राजयोग महादेव मंदिर परिसर



पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में शामिल श्याम भक्त भगवान की भक्ति में लीन होकर नाचते, गाते, भजनों पर थिरकते हुए साथ चल रहे थे। इस बीच स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों एवं प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा कहीं पुष्पवर्षा, कहीं शीतल पेय इत्यादि से शोभायात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया।

## एसआईटी गठन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग



**विदिशा।** बुजुर्ग महिला से हुई करीब 5 लाख रुपए की ठगी के मामले में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज और शहर के नागरिकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शनिवार को समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और त्वरित कार्रवाई की मांग की। यह घटना खरीफाटक रोड स्थित जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रहीं विमला बाई जैन के साथ हुई थी। कुछ दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने उन्हें बातों में उलझाकर उनके जेवरात ठग लिए थे। इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था। ज्ञापन में बताया गया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है और न ही ठगा गया माल बरामद हुआ है। समाज ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पीड़िता मानसिक और आर्थिक रूप से टूट गई हैं और आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। समाज ने अपने ज्ञापन में लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी में हुई चोरी का मामला भी उठाया।
पदाधिकारियों ने बताया कि 12 अक्टूबर 2024 को वैभव जैन के यहां लाखों रुपए की चोरी हुई थी, जिसमें करीब 16 महीने बीत जाने के बाद भी कोई ठोस खुलासा नहीं हो सका है।

## परीक्षा में अब तक एक भी नकल प्रकरण नहीं बना

# कक्षा 12वीं की परीक्षा में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिले में आयोजित कृषि, होम साइंस (कला समूह) एवं एकाउंटेंसी विषय की परीक्षा हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा में कुल 1781 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1760 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कृषि विषय में पंजीकृत 1 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहा और कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा। होम साइंस



(कला समूह) विषय में कोई भी परीक्षार्थी पंजीकृत नहीं था। वहीं एकाउंटेंसी विषय में पंजीकृत 1780 परीक्षार्थियों में से 1759 उपस्थित रहे और 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# गाय को बचाने के चक्कर में ट्राला पलटा 13 वर्षीय बालक की मौत, बहन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी के मुरवास क्षेत्र में सुबह करीब 8:30 बजे एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस घटना में उसकी बहन घायल हो गई। गुजरात से बीना की ओर जा रहा पाइप से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे गिरे पाइप की चपेट में आने से बालक की जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में बड़ी मात्रा में पाइप लदे हुए थे।

बताया जा रहा है कि अचानक संतुलन बिगड़ने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट गया। हादसा इतना भयानक था कि आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मुरवास थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर ने बताया कि यह हादसा मुरवास के पास हुआ। ट्राला जब वहां पहुंचा, तभी अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। ड्राइवर ने गाय को बचाने के लिए वाहन को मोड़ा, जिससे ट्राला असंतुलित हो गया। ट्राली में बंधे लोहे के पाइप झटके से पट्टे टूटने के कारण सड़क पर गिर गए और ट्राला एक



ओर पलट गया। घटना के समय 13 वर्षीय आयन पिता कदिर खान अपनी बहन साहिबा के साथ पैदल जा रहा था। गिरे हुए पाइप की चपेट में आने से आयन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत लटेरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी बहन साहिबा को भी चोटें आईं, जिसका उपचार कराया गया है। पुलिस ने ट्राला चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है। बताया गया है कि मृतक आयन के पिता कदिर खान के चार बच्चे हैं।